ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांक: छा०क०– 201/23 दिनांक 18/12/2023

सेवा में,

1. सभी विभागाध्यक्ष,
   विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग,
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. सभी प्रधानाचार्य,
   (स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालय),
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः– स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– (2023–25) में नौ विषय में द्वितीय प्रतिक्षा सूची एवं पन्द्रह विषय में On-Spot के आधार पर नामांकन के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र– 2023–25 में नौ (09) विषय यथा– ***गणित, भौतिकी, रसायन, जन्तु विज्ञान, इतिहास, भूगोल, संगीत, गृह–विज्ञान एवं वाणिज्य में*** नामांकन हेतु द्वितीय प्रतिक्षा सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lnmu.ac.in) पर जारी कर दी गयी है। उपरोक्त वर्णित नौ विषयों से संबंधित विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि ***दिनांकः– 19.12.2023 से 20.12.2023 तक*** द्वितीय प्रतिक्षा सूची में चयनित छात्र/छात्राओं का आवंटित स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय में आवश्यक प्रमाण–पत्र के जाँचोपरान्त नामांकन सुनिश्चित किया जाय। नामांकन से संबंधित विभागीय पत्र ***पत्रांक– छा०क०– 181/23 दिनांक– 18.10.2023*** की सभी शर्तें यथावत् रहेगी। प्रतिक्षा सूची के छात्र/छात्राओं को नामांकन के लिए चयन–पत्र (Selection letter) की आवश्यकता नहीं है।

प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति (AIH&C), नाट्य (Drama), संस्कृत (Sanskrit), मैथिली (Maithili), उर्दू (Urdu), दर्शनशास्त्र (Philosophy), अर्थशास्त्र (Economics), समाजशास्त्र (Sociology), अंग्रेजी (English, हिन्दी (Hindi, बनस्पति विज्ञान (Botany), राजनीतिशास्त्र (Poltical Science), मनोविज्ञान (Psychology), फारसी (Persian) एवं गणित– कला (Math- Arts) विषयों में द्वितीय सूची एवं प्रतिक्षा सूची के नामांकन के उपरान्त रिक्त सीट से कम आवेदक बचे होने के कारण छात्र हित को धयान में रखकर उपर्युक्त पन्द्रह विषयों में ऑनलाईन आवेदन किये हुए छात्र/छात्रा जो नामांकन से वंचित रह गये है, वैसे

18/12/23 M. Kumar 18.12.23

छात्र/छात्रा अपने आवेदन में चयनित स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय में रिक्त सीटों के विरूद्ध ***"पहले आओ–पहले पाओ"*** के आधार पर ***दिनांक– 19.12.2023 से 20.12.2023 तक*** अपना नामांकन करा सकते हैं। उपरोक्त विषय के छात्र/छात्राओं को चयन–पत्र (Selection letter) की आवश्यकता नहीं है परंतु ऐसे छात्र/छात्रा के लिये भी नामांकन की अहर्ता वही होगी जो ***पत्रांक– छा0क0– 181/23 दिनांक– 18.10.2023*** के क्रम संख्या– 3 में दर्शाया गया है। नामांकित छात्रों का अपडेशन प्रत्येक दिन कर लेंगे।

नोटः–

सभी विभागाध्यक्ष एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, नामांकित छात्र/छात्राओं का Dash Board पर Updation अधिकतम –20.12.2023 तक कर लेंगे, यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें। जिन छात्रों के नामांकन को विभाग/महाविद्यालय द्वारा Dash Board पर Update नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र/छात्रा नामांकन हेतु विभाग/महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।
विश्वासभाजन,

18.12.23
अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

18/12/23